आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 12.02.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– लोकसभा में आज औद्योगिक संबंध संहिता संशोधन विधेयक पारित।

2– प्रदेश में चरण पादुका प्रदाय योजना के तहत इस साल बारह लाख अड़तीस हजार से अधिक पुरूष मुखिया तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका का वितरण किया जाएगा।

3– विश्व रेडियो दिवस पर कल रायपुर में होने वाले कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।

**और**

4– सरगुजा जिले के मैनपाट में कल से तीन दिवसीय 'मैनपाट महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा।

........

**<u>औद्योगिक संबंध संहिता संशोधन विधेयक</u>**

लोकसभा ने आज औद्योगिक संबंध संहिता संशोधन विधेयक–दो हजार छब्बीस पारित कर दिया। यह विधेयक औद्योगिक संबंध संहिता–दो हजार बीस में संशोधन करता है।

चर्चा का उत्तर देते हुए केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि सत्रह राष्ट्रीय श्रम संगठनों ने कहा है कि श्रम संहिता श्रमिकों के हित में लागू की गई है। श्री मांडविया ने कहा कि श्रम संहिता वैधानिक समर्थन के साथ न्यूनतम मजदूरी लागू करती है और किसी भी राज्य को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से कम मजदूरी तय करने की अनुमति नहीं होगी। श्री मांडविया ने कहा कि संहिता पुरुषों और महिलाओं के लिए

समान वेतन की गारंटी देती है और श्रमिकों को समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि श्रम संहिता के अंतर्गत चालीस वर्ष से अधिक आयु के सभी श्रमिकों को साल में एक बार अनिवार्य स्वास्थ्य जांच करानी होगी। एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए श्री मांडविया ने कहा कि श्रम कानून तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के शहरों में रोजगार के अवसर पैदा करने में सहायक होंगे।

**वन मंत्री–पत्रकारवार्ता**

प्रदेश में वनवासी तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को चरण पादुका प्रदाय योजना के तहत इस साल लगभग बारह लाख अड़तीस हजार से अधिक पुरूष मुखिया संग्राहकों को चरण पादुका का वितरण किया जाएगा। वन मंत्री केदार कश्यप ने आज नवा रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में अपने विभागों के दो वर्षों की उपलब्धियां गिनाते हुए यह जानकारी दी। श्री कश्यप ने बताया कि चरण पादुका प्रदाय योजना के तहत पिछले साल तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की महिला मुखिया संग्राहकों को बारह लाख चालीस हजार चरण पादुका का वितरण किया गया था। वन मंत्री ने यह भी बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण मूल्य चार हजार रूपये से बढ़ाकर पांच हजार पांच सौ रूपये प्रति मानक बोरा किया गया है।

श्री कश्यप ने बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पिछले दो वर्षों में छत्तीसगढ़ में सात करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं। वन मंत्री ने यह भी बताया कि प्रदेश में वन्यजीवों के संरक्षण के लिए हरंसभव प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में बाघों की संख्या बढ़कर पैंतीस हो गई है। राजकीय पशु वन भैंसा और राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना के संरक्षण के लिए कार्य किए जा रहे हैं।

श्री कश्यप ने परिवहन विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत अब तक उनहत्तर चयनित मार्गों में बसों का संचालन किया जा रहा है। इससे चार सौ पचास नये गांवों तक पहली बार यात्री बस सुविधा पहुंच रही है। आगामी वर्ष में दो सौ नई बसें संचालित करने की योजना है।

## विश्व रेडियो दिवस–कार्यक्रम–01

कल विश्व रेडियो दिवस है। इस अवसर पर प्रसार भारती और यूनेस्को के संयुक्त तत्वावधान में कल रायपुर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।

इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस की थीम "रेडियो और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस" रखी गई है। आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव जैन ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान रेडियो प्रसारण में एआई के नवाचारपूर्ण उपयोग, सामग्री निर्माण में एआई की भूमिका, श्रोताओं तक प्रभावी पहुंच तथा तकनीकी और नैतिक चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी।

श्री जैन ने बताया कि आमतौर पर यह कार्यक्रम हर वर्ष नई दिल्ली में आयोजित किया जाता है, लेकिन यह वर्ष छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष है, इसलिए इस बार इसे रायपुर में आयोजित किया जा रहा है।

शुभारंभ अवसर पर राष्ट्रगीत वंदेमातरम् के एक सौ पचास वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आकाशवाणी की विशेष स्मारक श्रृंखला "स्वाधीनता का जयघोष – वंदे मातरम भारत की सांस्कृतिक धरोहर – एक संगीतमय यात्रा" के अंतर्गत अगले छह संगीत प्रस्तुतियों का डिजिटल विमोचन भी किया जाएगा।

इस अवसर पर आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव जैन, यूनेस्को की क्षेत्रीय संचार और सूचना सलाहकार हज्जाज माले के साथ ही अनेक जनप्रतिनिधि, पद्मश्री से सम्मानित हस्तियां, प्रसार भारती और आकाशवाणी के वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भी उपस्थित रहेंगे।

**विश्व रेडियो दिवस–कार्यक्रम–02**

कार्यक्रम के अंतर्गत ऑडियो विजुअल प्रस्तुतीकरण, परिचर्चा, विशेषज्ञ पैनल चर्चा सहित विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत होने वाली चर्चाओं का उद्देश्य रेडियो माध्यम को तकनीकी रूप से सशक्त, समावेशी और भविष्य उन्मुख बनाना है।

कार्यक्रम की आकाशवाणी छत्तीसगढ़ और आकाशवाणी समाचार के यू–ट्यूब चैनल पर दूरदर्शन रायपुर के सहयोग से लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। इसके साथ ही दूरदर्शन रायपुर द्वारा शुभारंभ समारोह का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।

**केन्द्रीय जेल–आईएसओ सर्टिफिकेट**

छत्तीसगढ़ की चार केंद्रीय जेलों – रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और अंबिकापुर को अंतरराष्ट्रीय स्तर का आईएसओ सर्टिफिकेट मिला है। केंद्रीय जेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप गुणवत्ता तथा कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आईएसओ सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके तहत आईएसओ सर्टिफिकेट प्रदान करने वाली संस्था ने केंद्रीय जेल रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और अंबिकापुर का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण में चारों जेल प्रबंधन सभी निर्धारित मानकों पर खरे उतरे। इसके बाद ग्यारह फरवरी को प्रमाणन संस्था ने केंद्रीय जेल रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और अंबिकापुर के जेल अधीक्षकों को आईएसओ सर्टिफिकेट प्रदान किया।

**आयकर विभाग–छापा**

आयकर विभाग की टीम ने आज बिलासपुर और चांपा में कोयला व्यापारी के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की। टीम ने बिलासपुर में श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित व्यापारी के दफ्तर और रामा वर्ल्ड स्थित घर में छापा मारा। वहीं, एक अन्य टीम ने चाम्पा में चाम्पा–बिर्रा ओवरब्रिज के पास स्थित फर्म में भी पहुंचकर जांच–पड़ताल की। इस दौरान टीम ने कई अहम दस्तावेज जब्त किए।

**माओवादी–स्मारक ध्वस्त**

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों ने राज्यमार्ग–तिरसठ पर सड़क के नीचे माओवादियों द्वारा लगाए गए तीस किलो वजनी आईईडी बरामद किया है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के बम निरोधी दस्ते ने इस आईईडी को निष्क्रिय कर दिया।

वहीं, सुकमा जिले में माओवादियों द्वारा बनाए गए दो स्मारकों को आज सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के जवानों को माओवादी विरोधी अभियान के दौरान डब्बाकोंटा इलाके के पिड़मेल में माओवादियों के स्मारक होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने बुलडोजर की मदद से इन स्मारकों को धराशायी कर दिया।

**मुख्यमंत्री–पत्रकार मुलाकात**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में सिक्किम राज्य से अध्ययन भ्रमण पर पहुंचे पत्रकारों के दल से मुलाकात कर संवाद किया और उनसे छत्तीसगढ़ की विशेषतओं के बारे में बातें साझा की। उन्होंने पत्रकार दल के सदस्यों को राजकीय गमछा भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़

प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर प्रदेश है और इसे समृद्ध, सुरक्षित और विकसित बनाने के लिए राज्य सरकार कार्य कर रही है।

**<u>मैनपाट महोत्सव</u>**

सरगुजा जिले के मैनपाट में कल से तीन दिवसीय 'मैनपाट महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल करेंगे। पंद्रह फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव के दौरान लोकगीत और संगीत का अद्‌भुत संगम देखने को मिलेगा।

महोत्सव के पहले दिन कल भोजपुरी अभिनेता मनोज तिवारी प्रस्तुति देंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ी गायक सुनील सोनी के अलावा ओडिशा के प्रसिद्ध छऊ नृत्य की भी प्रस्तुति होगी। चौदह फरवरी को छत्तीसगढ़ की लोक गायिका अलका चंद्राकर और इंडियन आइडल फेम वैशाली रायकवार अपना कार्यक्रम पेश करेंगी। महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन पंद्रह फरवरी को बॉलीवुड गायिका कनिका कपूर और रायगढ़ घराने की कत्थक नृत्यांगना ज्योतिश्री वैष्णव के साथ ही गायक आयुष नामदेव अपनी प्रस्तुति देंगे।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा में सड़क और सामुदायिक भवन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

और

–	जांजगीर–चांपा जिले में पुलिस ने नशीली दवाओ के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब साढ़े तीन हजार नशीले कैप्सूल जब्त किए गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>